**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 451**
**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पुनर्चक्रित वस्त्रों के लिए अलग एचएसएन कोड**

**451. सुश्री एस. जोतिमणि:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या पुनर्चक्रित वस्त्रों के लिए कोई विशिष्ट/पृथक एचएसएन कोड मौजूद है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का ऐसे वस्त्रों और उनके व्यापार की पहचान करने तथा उन्हें ट्रैक करने के लिए एक अलग एचएसएन कोड आवंटित करने का विचार है; और

(घ) क्या सरकार ने टिकाऊ उत्पादों को मान्यता देने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए कोई अन्य उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ग):** वर्तमान में पुनर्चक्रित वस्त्रों (रिसाइकल्ड टेक्सटाइल) के लिए कोई विशिष्ट/अलग एचएसएन कोड नहीं है।

**(घ):** सरकार ने, सस्टेनेबल उत्पादों को मान्यता देने और बढ़ावा देने के लिए अप साइकल वस्त्र निर्माताओं के पंजीकरण के लिए वस्त्र समिति (टीसी), सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) और सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि वे जीईएम पोर्टल के माध्यम से अपने उत्पादों को बेच सकें।

****